दिनांक : 16.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कल से देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। स्वच्छता ही सेवा अभियान कल से उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। अभियान के दौरान, बड़े पैमाने पर स्वच्छता गतिविधियाँ चलाई जाएँगी। इनमें स्वैच्छिक श्रमदान भी शामिल है। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने नागरिकों से स्वच्छ, स्वस्थ और हरित भविष्य के लिए राष्ट्रव्यापी श्रमदान में भाग लेने का आग्रह किया।
इधर, प्रदेश में भी "स्वच्छता ही सेवा अभियान" के तहत सार्वजनिक स्थानों पर साफ–सफाई की जाएगी। इसके साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक किया जाएगा। पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने अभियान के लिए सामुदायिक भागीदारी पर ज़ोर दिया है।
प्रदेश में कल से **ग्रामीण और शहरी सेवा शिविर** आयोजित किये जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण और आवश्यक सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। शिक्षा विभाग कल प्रदेशभर में **मेगा पीटीएम** आयोजित करेगा। इस दौरान दस लाख पौधे लगाने का भी लक्ष्य रखा गया है। **स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान** और **सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े** का भी कल से शुभारंभ होगा।

000

राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के **मादक पदार्थ रोधी बल प्रमुखों** का राष्ट्रीय सम्मेलन आज नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। **सामूहिक संकल्प–साझा** दायित्व की थीम पर आयोजित इस समारोह का गृहमंत्री अमित शाह ने उद्‌घाटन किया। श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस दौरान 4 हज़ार 794 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थों को नष्ट भी किये जाएंगे।

000

आकलन वर्ष 2025–26 के लिए आयकर रिटर्न आज रात 12 बजे तक भरी जा सकेगी। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। आईटीआर भरने की आखिरी तारीख पहले 31 जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर 15 सितम्बर किया गया था। उसके बाद कल देर रात इसे एक और दिन के लिए बढ़ा दिया गया है।

000

आज विश्व ओज़ोन दिवस है। सरकार की ओर से भी वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ईवी पॉलिसी लागू की गई है। एयर क्वालिटी की जांच के लिए भी भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर प्रदूषण मापक यंत्र लगाये जा रहे हैं। इसके साथ ही औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी के लिए उद्योगों की नियमित जांच और सड़कों पर धूल की रोकथाम के लिए स्वीपिंग मशीनों से सफाई की जा रही है। आज़ोन दिवस पर विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भरतपुर में आज रैली निकालकर इसके महत्व की जानकारी दी गई।
सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को ओज़ोन परत और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरुक किया जा रहा है।

................

000

पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। आयुष विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार की अध्यक्षता में कल योजना की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में ये जानकारी दी गई। श्री कुमार ने बताया कि प्रत्येक जिले की पांच पंचायतों के 210 आयुष्मान आरोग्य मंदिर से पायलट प्रोजेक्ट चलाया जाएगा। इसके जरिए मरीज़ों को उनकी प्रकृति के आधार पर औषधिय और आहार–विहार संबंधी सुझाव दिये जाएंगे।

000

प्रदेशभर से 25 सितम्बर तक मॉनसून के विदा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार मानसून अपनी सामान्य अवधि से तीन दिन पहले ही विदा हो जाएगा। राज्य के पश्चिमी हिस्सों से मॉनसून विदाई की शुरूआत हो चुकी है। इस बीच, पिछले एक सप्ताह से अधिकतर जिलों में बारिश का दौर थमा हुआ है। हालांकि विभाग ने कल पूर्वी राजस्थान के बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़ सहित 13 जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट बताया है। 18 और 19 सितम्बर को भी कुछ स्थानों पर बरसात का पूर्वानुमान है।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से सुरताल फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। 24 सितम्बर तक चलने वाले इस उत्सव में शास्त्रीय नृत्य, चित्रकला, कठपुतली मेकिंग, थियेटर और वर्कशॉप आयोजित की जाएंगी।